<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 479

05 फरवरी, 2020 को उत्तर के लिए

भिलाई और बोकारो इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाएं

479. श्री राम विचार नेतामः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भिलाई और बोकारो इस्पात संयंत्र में विगत एक वर्ष के दौरान लगातार हो रहे हादसों में वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त हादसों के कारण इन संयंत्रों को काफी घाटा हुआ है और इसका असर उत्पादन पर भी पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन हादसों के मुख्य कारण संयंत्रों के आधुनिकीकरण और विस्तार में विलंब होना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) तथा बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) में दुर्घटनाओं (घातक एवं सूचित करने योग्य) की संख्या निम्नानुसार है:

संयंत्र/इकाई	**2018-19**	**2019-20 (दिसंबर, 2019 तक)**
भिलाई इस्पात संयंत्र	7	6
बोकारो इस्पात संयंत्र	2	2

सेल द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले एक वर्ष के दौरान इन दुर्घटनाओं के कारण उत्पादन में कोई कमी नहीं आई है।

(ग) और (घ): जी नहीं। संयंत्रों के आधुनिकीकरण एवं विस्तार में विलंब इन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण नहीं है। इस्पात मंत्रालय सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देता है और इस मंत्रालय ने स्टेक होल्डरों के साथ परामर्श द्वारा 25 सुरक्षा दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप दिया है। इससे लौह एवं इस्पात की सभी बड़ी व छोटी विनिर्माण इकाइयों में सुरक्षा प्रक्रियाओं का प्रयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

****